सूचना

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुपौल

पारा विधिक स्वयंसेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है ।
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है ।)

कौन आवेदन दे सकता है ।

ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हों तथा उनके लिए कार्य करते हो । इनमें शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित) सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, ऑगनबाडी कार्यकर्त्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयसेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोडकर) , जो स्वयसेवा में रूचि रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार योग्य समझे, आवेदक हो सकते हैं। पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयंसेवक, (अधिवक्ता को छोडकर) पुनः आवेदन दे सकते है ।

पाराविधिक स्वयंसेवक के कार्यः—

पारा विधिक स्वयसेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीडितों एव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य , प्राधिकार के प्रबधन कार्यालय एव विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य एव अन्य कोई कार्य , जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सौपा जाय, को करना है ।

पदों की संख्याः— कुल 150 (एक सौ पचास) जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुपौल हेतु 100 (एक सौ) एवं अनुमण्डल विधिक सेवा समिति, बीरपुर (सुपौल) हेतु 50 (पचास) ।
चूँकि पारा विधिक स्वयसेवकों से गॉव या गॉवो के समूह मे कार्य लेना है । अतः जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयसेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा ।

आरक्षणः— पाराविधिक स्वयसेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर नियुक्ति नही है परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गो को समुचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा ।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :—साक्षर / मैट्रिक उत्तीर्ण, जिन्हें समग्र बोधन क्षमता प्राप्त हो

आवेदक विहित प्रपत्र में पुरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एव अन्य योग्यताओं का प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति लगाकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुपौल के कार्यालय में हाथो—हाथ या पजीकृत डाक से 12.03.2021 तक भेजे । इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा । आवेदन के साथ 25/—पच्चीस रूपये का निबंधित डाक टिकट लगा स्वपता लिखा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करें । आवेदक अपने आवेदन पर अपना फोन/मोबाईल नम्बर अनिवार्य रूप से लिखे । आवेदन का प्रपत्र E-court (District Court) ,Supaul के साईट से भी डाउन लोड कर सकते हैं । आवेदन का प्रपत्र आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि के तीन दिनों के पश्चात् अपने साक्षात्कार की तिथि के लिए कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखें या सम्पर्क करें ।

मानदेयः— रूपये 500/— (पॉच सौ रूपया मात्र) प्रतिदिन । परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए भुगतेय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हे कोई विशेष कार्य सौंपती है या अपने क्षेत्र मे विधिक जागरूकता शिविरों में वह सक्रिय भागीदारी निभाता है ।

सामान्य अनुदेशः—

1. आवेदक भारत का नागरिक हो ।
2. शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
3. अच्छा चरित्र हो ।
4. समाजसेवा में रूचि रखता हो ।

आवेदन भेजने का पताः—
सचिव,
कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, सुपौल
अंतिम तिथिः—12.03.2021

प्रपत्र

पाराविधिक स्वयंसेवक के चयन हेतु आवेदन–प्रपत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है । आप किसी स्थाई / अस्थाई / अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारी नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार में सहयोग देने हेतु स्वयंसेवक हैं ।)

स्व अभिप्रमाणित फोटो

1. पद का नामः–

2. आवेदक का नामः–

3. आवेदक की श्रेणीः– (महिला / पुरूष)

3. आवेदक के पिता / पति का नामः–

4. स्थाई पताः–ग्राम..........................थाना..................पोस्ट.................

प्रखण्ड........................जिला..........................पिन कोड..............

5. वर्त्तमान पताः–ग्राम............................थाना.....................पोस्ट

प्रखण्ड................................जिला...........................पिन कोड.................

6. शैक्षणिक योग्यताः–

7. अन्य योग्यता / अनुभव

8. जन्म तिथिः–

9. आवेदक का सम्पर्क संख्याः–

10.आवेदक की कोटिः–सामान्य / पिछडा वर्ग / अति पिछडा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य

(प्रमाण–पत्र सलग्न करें)

घोषणाः–

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण पुर्णतः सत्य है तथा इसमें किसी प्रकार की त्रूटी या गलत सूचना का जिम्मेवार मैं स्वयं होऊँगा / होऊँगी ।

तिथिः–

स्थानः– आवेदक का हस्ताक्षर